MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -25 मंदसौर, 10 दिसम्बर 2025 बुधवार से 16 दिसम्बर 2025 तक पृष्ट -4 कीमत 2 रू.

# शामगढ़ में बालाजी वेडी के मार्ग का डामरीकरण पूरा, 50 लाख की लागत से बना नया रास्ता

## नगर परिषद के प्रयासों की सराहना



यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़। नगर परिषद शामगढ़ ने प्रसिद्ध चमत्कारिक बालाजी वेडी के मार बालाजी मंदिर तक जाने वाले लगभग 1 किलोमीटर लंबे पहुंच मार्ग का डामरीकरण कार्य पूर्ण कर लिया है। यह मार्ग वर्षों से खराब हालत में था, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को आवाजाही में भारी समस्या का सामना करना पड़ता था। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार यादव और अध्यक्ष कविता यादव के विशेष प्रयासों से यह कार्य संभव हो सका।

जानकारी के अनुसार यह स्थान शामगढ़ की पुरानी बसावट का केंद्र माना जाता है, जहां बजरंगबली के साथ मां महिषासुर मर्दिनी का मंदिर भी विद्यमान है। हर वर्ष हनुमान जयंती पर यहां विशाल भंडारे का आयोजन होता है और बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में सुंदर बगीचा और विशाल खुला प्रांगण भी मौजूद है।

इस मार्ग के डामरीकरण पर लगभग 50 लाख रुपए की लागत आई है। इससे पहले यहां लगभग 5 से 7 लाख रुपए की लागत से पुलिया का निर्माण भी किया गया था। पुलिया बनने से पहले बारिश के दिनों में पानी भर जाने के कारण मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो जाता था और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गम्भीरता से समझते हुए नगर परिषद ने पहले पुलिया और अब डामरीकरण कराकर स्थायी समाधान प्रदान किया है।

नगरवासियों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान होगी और इस धार्मिक स्थल की महत्ता भी बढ़ेगी। नगर परिषद द्वारा किए गए इस विकास कार्य को क्षेत्र भर में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## शामगढ़ सविता देवी जायसवाल महाविद्यालय के अभिषेक गोस्वामी विक्रम विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम में चयन, राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में करेंगे दमदार प्रदर्शन

यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़। छोटे से नगर शामगढ़ ने एक बार फिर प्रतिभा का परिचय देते हुए खेल जगत में अपना नाम दर्ज कराया है। नगर के युवा खिलाड़ी अभिषेक गोस्वामी का चयन विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की पुरुष वॉलीबॉल टीम में किया गया है। अब अभिषेक भोपाल से विक्रम विश्वविद्यालय की ओर से खेलेंगे अभिषेक के साथ मंदसौर जिले के अन्य खिलाड़ियों – कुनाल राठौर, अनिल-दास बैरागी, विवेक हाद़ा और शुभम – का भी चयन हुआ है।

अभिषेक गोस्वामी शामगढ़ के पंकज पुरी गोस्वामी के पुत्र हैं और सविता देवी जायसवाल महाविद्यालय में बी.एससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हैं।



मात्र 19 वर्ष की आयु में उन्होंने अपनी मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जिससे पूरे शामगढ़ में खुशी की लहर दौड़ गई है।

अभिषेक पिछले 5 वर्षों से लगातार वॉलीबॉल का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने बिना किसी विशेष कोचिंग के खुद की मेहनत और जुनून के दम पर यह मुकाम पाया है। स्थानीय लोग मानते हैं कि अभिषेक की इस उपलब्धि से शामगढ़ के युवाओं को बड़ी प्रेरणा मिलेगी कि सीमित संसाधनों के बावजूद सपनों को हासिल किया जा सकता है।

चयन के बाद कॉलेज प्राचार्य व जिला खेल अधिकारियों–डॉ. दिनेश चंद्र गुप्ता तथा जिला वॉलीबॉल संघ के सदस्यों–द्वारा अभिषेक सहित सभी खिलाड़ियों का सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि अभिषेक न केवल विश्वविद्यालय बल्कि शामगढ़ और मंदसौर जिले का नाम भी राज्य स्तर पर रोशन करेंगे।

अभिषेक की उपलब्धि से पूरे नगर में गर्व का माहौल है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वे भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर भी चमक बिखेरेंगे।

## 11वीं की छात्रा ने खाया जहर

### स्कूल में उल्टी होने पर हॉस्पिटल में भर्ती, अब हालत खतरे से बाहर

मंदसौर। जिले के नगरी क्षेत्र में स्थित एक स्कूल में मंगलवार सुबह 11वीं की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। स्कूल में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को स्थिर बताया।

घटना नगरी के सांदीपनि स्कूल की है। स्कूल में पढ़ाई के दौरान छात्रा को अचानक उल्टियां होने लगीं। स्टाफ ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया। हालत गंभीर लगने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया।

स्कूल के शिक्षक शंकर सिंह चौहान ने बताया कि छात्रा को अचानक उल्टी होने लगी थी। जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि छात्रा ने क्या खाया था, इसकी स्पष्ट



जानकारी डॉक्टर ही दे सकते हैं।

**डॉक्टर बोले- छात्रा ने चूहा मारने की दवाई खाई थीं**

जिला अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉ. दिव्या गौर ने बताया कि किशोरी ने चूहा मारने की दवाई यानी रैट पॉइज का सेवन किया था। उन्होंने बताया कि छात्रा नगरी से रेफर होकर पहुंची और आते ही इलाज शुरू कर दिया गया।

डॉ. गौर के अनुसार, समय पर उपचार मिलने से छात्रा की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। डॉक्टर लगातार उसकी निगरानी कर रहे हैं।

## श्मशान से गिरफ्तारी का दावा, बस से उठाने का वीडियो मंदसौर में ड्रग तस्करी केस में 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड, हाईकोर्ट में एसपी ने मानी गलती

मंदसौर। इंदौर हाईकोर्ट में मल्हारगढ़ थाने से जुड़े NDPS मामले की मंगलवार को हुई सुनवाई में मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीणा स्वयं पेश हुए। कोर्ट के सामने उन्होंने स्वीकार किया कि युवक की गिरफ्तारी और जांच प्रक्रिया में गंभीर खामियां हुई हैं। इस मामले में पहले ही 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू की जा चुकी है।

कोर्ट ने सरकार से कड़ी टिप्पणी करते हुए पूछा था– क्या युवक 10 साल तक फैसले का इंतजार करेगा लंबी सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है।

मल्हारगढ़ पुलिस ने एफआईआर में बताया था कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोहनलाल को बांडा खाल चौराहा के पास श्मशान के सामने से पकड़ा और उसके पिट्ठू बैग से 2 किलो 714 ग्राम अफीम बरामद की, जिसकी कीमत 5 लाख 42 हजार रुपए आंकी गई। लेकिन बस के सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि पुलिस सोहनलाल को बस से जबरन उतारकर अपनी गिरफ्त में लेती है। यहीं से ख़ुद्रक और वास्तविक घटनाक्रम में बड़ा विरोधाभास सामने आया।



बस से जबरन पकड़ा गया था छात्र

29 अगस्त 2025 को 18 वर्षीय सोहन मंदसौर से प्रतापगढ़ जा रहा था। इसी दौरान बस में 3-4 लोग चढ़े और उसे जबरन नीचे उतारकर ले गए। युवक को मल्हारगढ़ थाने ले जाकर उस पर 2 किलो 714 ग्राम अफीम रखने का मामला दर्ज किया गया और अगले दिन कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# संपादकीय

## मोबाइल और सोशल मीडिया का बढ़ता दुरुपयोग- किशोर पीढ़ी के भविष्य पर मंडराता गंभीर खतरा

आज तकनीक हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने दुनिया को छोटी जरूर बना दिया है, लेकिन इसी सुविधा ने हमारे घरों की चौखट पर एक अदृश्य संकट भी खड़ा कर दिया है–और इस संकट का सबसे बड़ा शिकार बन रहे हैं हमारे बच्चे और किशोर। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त रोक का कानून बनाया है। यह कदम न केवल साहसिक है, बल्कि उस गहरी चिंता का संकेत भी है, जो पूरी दुनिया में बच्चों के मानसिक, सामाजिक और नैतिक भविष्य को लेकर बढ़ रही है। भारत में भी ऐसे कानून की जरूरत दिन-प्रतिदिन महसूस हो रही है, क्योंकि मोबाइल की लत और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव अब हमारे समाज को जड़ से प्रभावित करने लगे हैं। शिशु अवस्था में मोबाइल एक खतरनाक शुरुआत स्थिति इतनी विकट है कि आज बच्चे दूध पीने के लिए भी मोबाइल पर निर्भर हो गए हैं। मां-बाप अनजाने में ही अपने बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। यही 'सुविधा' धीरे-धीरे आदत बन जाती है और फिर यही आदत किशोरावस्था में नशे जैसी लत का रूप ले लेती है। किशोरावस्था इंस्टाग्राम, फेसबुक, स्नैपचैट का जाल

जैसे ही ये नाबालिग सोशल मीडिया की दुनिया में कदम रखते हैं, उन्हें ऐसे पॉप-अप्स और सामग्री दिखने लगती है जो उनकी उम्र और मानसिकता दोनों के लिए खतरनाक होती है। एक बार क्लिक करने पर वे ऐसे अंधेरे डिजिटल गलियारों में उतर जाते हैं जहां से वापस निकलना मुश्किल होता है।

शामगढ़ की हालिया घटना इसका सबसे जीवंत उदाहरण है–जहां नाबालिगों द्वारा मोबाइल और सोशल मीडिया का दुरुपयोग पूरे समाज के लिए एक चेतावनी बनकर सामने आया। पोर्नोग्राफी किशोरों के चरित्र और भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील और अनैतिक कंटेंट तक पहुंच बेहद आसान हो चुकी है। 12-16 वर्ष की उम्र में बच्चे जिज्ञासावश ऐसी सामग्री पर क्लिक कर बैठते हैं और धीरे-धीरे उनका मानसिक विकास, नैतिक मूल्यों और भविष्य में संबंधों के प्रति दृष्टिकोण बुरी तरह प्रभावित होने लगता है। यह वह उम्र है जब बच्चे अपना व्यक्तित्व गढ़ते हैं, पर गलत दिशा मिलते ही यही उम्र उन्हें गर्त में धकेल देती है। आज की नई पीढ़ी सबसे अधिक खतरे में हमारी पीढ़ी ने 25-30 वर्ष की उम्र में मोबाइल हाथ में लिया था, जबकि आज शिशु अवस्था से मोबाइल बच्चों की उंगलियों में बंध चुका है। इसका प्रभाव सिर्फ मानसिक या सामाजिक नहीं बल्कि शारीरिक भी है–नींद की कमी, आंखों की रोशनी में गिरावट, एकाग्रता में कमी और व्यवहारिक बदलाव आज सामान्य होते जा रहे हैं।

समाधान- परिवार और समाज दोनों को जागना होगा

कानून जरूरी है–पर उससे भी अधिक जरूरी है परिवार की जागरूकता।

1. नाबालिग बच्चों को मोबाइल न दें,
2. यदि आवश्यक हो तो सीमित समय,
3. पालकों की निगरानी,
4. स्क्रीन टाइम और ऐप्स की नियमित जांच,
5. परिवार में संस्कार, संवाद और कुटुंब प्रबोधन को बढ़ावा दें।

संघ और समाज के परिवार आदर्श को अपनाकर ही बच्चों को सही दिशा मिल सकती है। बच्चे वही सीखते हैं जो घर में होता है–यदि माता-पिता ही मोबाइल छोड़कर बच्चों को समय देने लगें, तो आधी समस्या स्वतः खत्म हो जाती है।



कैलाश विश्वकर्मा

# गरोठ में नालियों पर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, नगर परिषद का स्वच्छता अभियान जारी

यशस्वी दुनिया ⊙ गरोठ



गरोठ। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गरोठ नगर परिषद ने मंगलवार को सब्जी मंडी से गांधी चौराहे तक नालियों पर वर्षों से बने स्थायी और अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की शिकायतों को देखते हुए नगर परिषद की टीम सुबह से ही जेसीबी मशीनों के साथ सक्रिय हो गई।

अभियान का नेतृत्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश शर्मा, इंजीनियर राहुल गंडवाल, दरोगा सुरेश मालवीय और सहायक अभियंता रामपाल नरवाल ने किया। करीब 50 कर्मचारियों की टीम के साथ दो जेसीबी मशीनों की मदद से सबसे पहले सब्जी मंडी क्षेत्र में नालियों पर बने चबूतरे, दुकानों के आगे किए गए अवैध शेड और अन्य अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया। इसके बाद गांधी चौराहे तक दोनों ओर की नालियों से अतिक्रमण हटाकर सफाई कार्य भी कराया गया।

नगरवासियों का कहना है कि नालियों पर अतिक्रमण होने से जलभराव, दुर्गंध और जाम की स्थिति लगातार बढ़ रही थी, जिससे बाजार क्षेत्र में भारी असुविधा होती थी। बारिश के समय नालियों की सफाई न हो पाने के कारण पानी सड़क पर भर जाता था।

नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया ने बताया कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर देना परिषद की प्राथमिकता है। ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के बाद नागरिकों ने इस कदम की सराहना की और आशा जताई कि अब बाजार क्षेत्र अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित दिखाई देगा।


ट्रैवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन


मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान






डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही




आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ

हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रैवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268




प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड




हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।




चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# गरोठ में किसानों का 7 प्रतिशत मंडी टैक्स के खिलाफ प्रदर्शन

गरोठ। जिले के गरोठ कस्बे में सब्जी विक्रेता किसानों ने कृषि उपज मंडी में अपनी उपज पर लगने वाले 7 प्रतिशत टैक्स के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया। दर्जनों किसान मंडी परिसर में एकत्र हुए और मंडी प्रशासन से इस टैक्स को तत्काल हटाने की मांग की। किसानों का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार ने स्पष्ट घोषणा की है कि किसानों से उनकी उपज की बिक्री पर कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा। इसके बावजूद, गरोठ मंडी में लंबे समय से सब्जी विक्रेताओं से 7 प्रतिशत टैक्स वसूला जा रहा है, जिससे उनकी आय प्रभावित हो रही है। किसानों ने इसे अन्यायपूर्ण बताया और मंडी व्यवस्था को टैक्स-मुक्त करने की मांग की। प्रदर्शन में देवीलाल धाकड़, राहुल, अंकित धाकड़, इरफान, योगेश, प्रशांत मालवीय सहित कई किसान शामिल थे। उन्होंने मंडी अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

**वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाएंगे मामला**

कृषि उपसंचालक सुरेंद्र कुमार सागर ने बताया कि किसानों का ज्ञापन प्राप्त हो गया है। उन्होंने आश्वासन दिया



कि इस मामले को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया जा रहा है और 7 प्रतिशत टैक्स के मुद्दे पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। सागर ने किसानों की समस्याओं के जल्द निराकरण का भरोसा दिलाया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि यह टैक्स नहीं हटाया गया, तो वे एक बड़ा आंदोलन करेंगे। फिलहाल, मंडी में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# शामगढ़ में नाबालिग वीडियो कांड के बाद उबाल रविवार को हालात सामान्य तीन आरोपियों को पैदल ले जाया, बाजार खुले

**यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़**

शामगढ़ । नाबालिग छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल होने से भड़के जनाक्रोश के बीच चार दिनों से तनाव में डूबा शामगढ़ नगर रविवार को धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर लौटने लगा। शनिवार तक जारी विरोध, चक्काजाम और अनिश्चितकालीन बंद के बीच रविवार को पुलिस द्वारा धारा 151 के तहत गिरफ्तार किए गए तीन युवकों–आफताब, साहिल और जाहिद–को तक पैदल ले जाया गया। नगर में मौजूद लोगों ने इसे जुलूस के रूप में देखा, जिसके दौरान सर्व समाज के लोगों ने जय श्रीराम और हिंदू एकता के नारे लगाए।

पुलिस के अनुसार यह जुलूस नहीं था, बल्कि वाहन खराब होने के कारण आरोपियों को पैदल ले जाना पड़ा। इसके बावजूद स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को प्रतीकात्मक रूप में लिया, जिससे माहौल कुछ हद तक शांत हुआ।

**दुकानें खुलीं, बाजार में लौटी रौनक**

रविवार सुबह से ही शहर के हालात बदलते नज़र आए।

दो दिनों से बंद बाजार अब खुलने शुरू हुए।

व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों की सफाई की और धीरे-धीरे सामान्य कारोबार शुरू किया।

सब्जी मार्केट, किराना, ठेला और अन्य दुकानें चालू हुईं, जिससे नगर की आवाजाही में सहजता दिखाई दी।

**वीडियो वायरल होने के बाद भड़का था जनाक्रोश**

पुलिस जांच में सामने आया है कि 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा का वीडियो रेहान और बाबू नामक युवकों ने चाकू की नोक पर बनाया था। दोनों ने 5 लाख रुपए की फिरौती मांगकर उसमें से 2 लाख रुपए वसूल भी किए। बाकी रकम न मिलने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद गुरुवार रात से ही पूरे नगर में उबाल आ गया था। शुक्रवार को सर्व हिंदू समाज ने सुवासरा रोड पर चक्का जाम किया और शामगढ़ थाने का घेराव किया। शनिवार देर रात हुई महापंचायत में शहर को अनिश्चितकालीन बंद करने का निर्णय लिया गया था। मुख्य आरोपियों पर कि कड़ी कार्रवाई

मुख्य आरोपी रेहान और बाबू को पुलिस ने 12 घंटे में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लिया।शनिवार को प्रशासन ने दोनों के मकानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की।

रेहान के घर का लगभग ढाई फीट हिस्सा हटाया गया

बाबू के घर के संकरे मार्ग में हथौड़ों से तोड़फोड़ की गई

एएसपी हेमलता कुरील ने कहा कि अपराध में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा।

समाज द्वारा दिए गए अन्य नामों की भी पुलिस जांच कर रही है।

## मुस्लिम समाज ने भी की सख्त कार्रवाई की मांग

शामगढ़ मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी से मुलाकात कर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।उन्होंने नगर में सांप्रदायिक सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। सूत्र बताते की सारी स्थिति सामान्य होने के बाद भी इस मामले पर कुछ और आरोपियों के नाम सामने आ सकते हैं जिन पर पुलिस अतिरिक्त कार्यवाही कर सकती है


SP Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
प्रत्येक शनिवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. रघुवीरसिंह MBBS, M.S.
हड्डीएवं कमर रोग विशेषज्ञ
❋ हड्डियों से संबंधित सभी प्रकार की बिमारियों का ईलाज एवं आपरेशन।
❋ सभी प्रकार के कमर एवं जोड़ो से संबंधित ईलाज
❋ सभी प्रकार की नसों से संबंधित समस्या का ईलाज।
❋ सायटिका का ईलाज
❋ सभी प्रकार के फ्रेक्चर का सम्पूर्ण ईलाज।
❋ गठियावात, दर्द का सम्पूर्ण ईलाज।
❋ घुटनों एवं जोड़ों का दर्द का ईलाज।
❋ बच्चों की जन्मजात विकृतियों का ईलाज।
❋ लिगामेंट इंजरी का ईलाज।
प्रत्येक रविवार दोप. 11 से 3 बजे तक
डॉ. भारद्वाज MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
❋ बच्चों का चिड़चिड़ापन
❋ लार टपकना
❋ बोल नहीं पाना, हकलाना
❋ झटके आना
❋ बार बार बुखार आना
❋ शारीरिक विकलांगता
❋ वजन / लंबाई का ना बढ़ना
❋ बच्चों में जन्म से पीलिया होना
❋ बार बार सर्दी खांसी होना
❋ बच्चों को भूख नहीं लगना
❋ बच्चों में खून की कमी
❋ बच्चों के छूटे हुए टिके
❋ बच्चों का वजन नहीं बढ़ना
❋ रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने हेतु समस्त प्रकार के वैक्सीन
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ. दीपिका शर्मा MBBS DGO Obs & gynec
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रूप से उपलब्ध
ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
कम्प्यूटराईज्ड लेब
मेडिकल
एंबुलेंस
ICU
ECG
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656214
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883



NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# शीत लहर को देखते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव

मंदसौर, । जिले में बढ़ती ठंड और शीत लहर के प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन के निर्देश जारी किए हैं। बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय आगामी 15 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।

आदेश के मुताबिक अब जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बच्चों के लिए संचालित किए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिया है कि ठंड के मौसम में छोटे बच्चों को सुबह के समय की कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए यह समय बदलाव जरूरी है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का समय पूर्ववत रहेगा-बच्चों के संचालन समय में भले ही संशोधन किया गया हो, लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के लिए केंद्र का संचालन समय पहले की तरह शाम 5 बजे तक ही रहेगा।

दोपहर 3 बजे के बाद कार्यकर्ताओं द्वारा

रिकॉर्ड संधारण गृहभेंट पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी दस्तावेज़ीकरण अन्य आवश्यक कार्य नियमित रूप से संपादित किए जाएंगे। कलेक्टर ने दिए पालन के निर्देश कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शीत लहर के दौरान बच्चों की सुरक्षा, गर्म कपड़ों के उपयोग और केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

जिले में पिछले कुछ दिनों से तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में प्रशासन द्वारा समय में किया गया यह बदलाव बच्चों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

# मंदसौर के पशुपतिनाथ गर्भगृह में दर्शन पर रोक

## पर्दों के अंदर प्रतिमा के संरक्षण का काम जारी, श्रद्धालु बाहर से देख सकेंगे

मंदसौर। पशुपतिनाथ मंदिर में प्रतिमा पर स्क्रैच रोकने और संरक्षण के लिए एक विशेष वैज्ञानिक प्रक्रिया चल रही है। इसी कारण गर्भगृह में भक्तों के दर्शन अस्थायी रूप से बंद किए गए हैं। प्रतिमा के चारों ओर पर्दे लगाकर संरक्षण का काम जारी है। भाजपा के पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रतिमा के संरक्षण के लिए यह पहली बार नहीं है। पहले तत्कालीन कलेक्टर जी. के. सारस्वत के कार्यकाल में औरंगाबाद के कलाकारों ने प्रतिमा पर केमिकलयुक्त वज्र-लेप लगाया था।



### गर्भगृह आम लोगों के लिए बंद

फिलहाल गर्भगृह आम लोगों के लिए बंद रखा गया है। पर्दों के भीतर ही प्रतिमा में सुधार और संरक्षण कार्य चल रहा है। पशुपतिनाथ की यह अद्भुत प्रतिमा पहले नदी में स्थापित थी। जानकार बताते हैं कि प्रतिमा पर चल रहा वज्र-लेप का काम पर्दों के भीतर ही होना चाहिए। इससे प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आएगी और प्रतिमा का मूल स्वरूप सुरक्षित रहेगा।

### एक्सपर्ट रिपोर्ट के आधार पर काम जारी

हाल ही में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की टीम ने मंदिर का सर्वे किया था। टीम ने प्रतिमा के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखने और क्षरण रोकने के लिए तकनीकी सुझाव दिए। इससे पहले, बंगाल से आए पुरातत्व विभाग के विशेषज्ञों ने भी प्रतिमा का सैंपल लिया था। उनकी रिपोर्ट के आधार पर वर्तमान संरक्षण कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट में प्रेमिका के लिए रोया-गिड़गिड़ाया युवक-गाड़ी के पीछे दौड़ा, बेहोश होकर जमीन पर गिरा; युवती को वन स्टॉप सेंटर भेजा

रतलाम। कलेक्ट्रेट में मंगलवार दोपहर उस समय भावुक माहौल बन गया, जब एक युवक अपनी प्रेमिका को उज्जैन आश्रय स्थल भेजे जाने का विरोध करते हुए गाड़ी के पीछे दौड़ पड़ा और बेहोश होकर गिर गया। परिजन उसे एक्टिवा से तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे।

दरअसल, यह मामला रतलाम के 20 वर्षीय युवक और 19 वर्षीय युवती के प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। दोनों कुछ दिन पहले घर से भाग गए थे और 2 दिसंबर को स्टांप पर साथ रहने का एग्रीमेंट भी बनाया था। इसके बाद 4 दिसंबर को युवती के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने बाद में युवती को बरामद कर लिया।

थाने में युवती ने अपने माता-पिता के साथ रहने से इनकार करते हुए युवक के साथ रहने की इच्छा जताई। लेकिन युवक की उम्र 21 साल से कम होने के कारण पुलिस ने नियमानुसार युवती को वन स्टॉप सेंटर भेजने का निर्णय लिया।

### युवती को उज्जैन भेजने के दिए आदेश

मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक नीता परिहार युवती को लेकर अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव के समक्ष पेश हुईं। यहां युवती को समझाया गया कि कानूनन शादी के लिए युवक की उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक है। इसके बाद युवती को उज्जैन आश्रय स्थल भेजने के आदेश दिए गए।

### युवक भी परिजनों के साथ पहुंचा कलेक्ट्रेट

युवती के कलेक्ट्रेट आने की सूचना पर युवक भी अपने परिजनों के साथ वहां पहुंच गया। युवती को उज्जैन भेजे जाने की जानकारी मिलते ही युवक रोने लगा और उसे अपने से अलग न करने की गुहार लगाने लगा। युवती भी फूट-फूटकर रोने लगी। जब प्रशासक युवती को गाड़ी में बैठाकर ले जाने लगीं तो युवक पीछे-पीछे दौड़ा और गाड़ी रोकने की कोशिश की। इसी दौरान वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन रोते हुए उसे अस्पताल लेकर गए।

## कार्यालय नगर परिषद शामगढ जिला मन्दसौर म0प्र0

पृष्ठा0क / 2649 / 2025 दिनांक 05.12.2025

### ई निविदा आमंत्रण सूचना

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, शामगढ द्वारा नगर में विभिन्न स्थानो पर निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार निर्धारित धरोहर राशि जमा कर ऑनलाईन दर प्रस्तुत कर सकते है । जिसका विवरण एवं शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर देख सकते है। उक्त टेंडर की समयावधि 02 माह होगी।

| क. | टेण्डर क्र | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्टमनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_466567_1 | वार्ड कं 15 रामप्यारी के मकान से रंगी किराना तक सी0सी0रोड एंव नाली निर्माण | 2814333.00 | 21107 | 5000 | द्वितिय |
| 2 | 2025_UAD_466568_1 | वार्ड कं 04 गुडडु भाई के मकान से मुकेश जी के मकान तक नाला निर्माण | 372562.05 | 3725 | 2000 | चतुर्थ |
| 3 | 2025_UAD_466569_1 | नगर परिषद काम्पलेकस के पास दुकान निर्माण | 200333.25 | 2000 | 2000 | तृतीय |

निविदा ऑनलाईन कय एंव बिड जमा करने की अंतिम तिथि 22.12.2025 सांय 05 बजे तक एंव खलने की दिनांक 23.12.2025

पृष्ठा0क / 2673 / 2025 दिनांक 08.12.2025


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_466909_1 | सी0सी0 रोड पथवारी से वार्ड कं 07 बायपास सी0सी0 रोड | 583233.00 | 5833 | 2000 | द्वितिय |

निविदा ऑनलाईन कय एंव बिड जमा करने की अंतिम तिथि 23.12.2025 सांय 05 बजे तक एंव खलने की दिनांक 24.12.2025

नोट :–

01. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिये https://mptenders.gov.in/ पर सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय नगर परिषद् शामगढ़ पर सम्पर्क करे।
02. टेण्डर डाउनलोड करने के पूर्व निविदाकार स्थल का निरिक्षण कर नगर परिषद् शामगढ़ में उपलब्ध शर्ते का अध्ययन करने के उपरांत ही टेण्डर प्रविष्टि करें।
03. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा उसके लिये पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।
04 शासन के निर्देषानुसार अधिक बिलो टेंडर जाने पर नियमानुसार परफारमेंस गयारंटी अनुबंध के समय जमा करवाना अर्निवाय होगी।
05. निविदादाता अपनी दरे उक्त अनुमानित लागत अनुरूप कार्य पर लगने वाली जी.एस.टी दर को छोडकर प्रस्तुत करेगा। कान्ट्रेक्टर के भुगतान के समय जी.एस.टी. कि जो दरे देयक पर लागु होगी उसके अनुसार जी.एस. टी का भुगतान पृथक से कान्ट्रेक्टर को किया जावेगा।

| श्रीमति कविता यादव | श्रीमति डाली जोशी | सिद्धार्थ जोशी | सुरेश यादव |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सभापति | मुख्य नगर पालिका अधिकारी |
| नगर परिषद शामगढ | नगर परिषद शामगढ | (लोक निर्माण ,उधान विघुत एवं यांत्रिकी विभाग) नगर परिषद शामगढ | नगर परिषद शामगढ |



समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35 मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304

17 वर्षो से आपकी सेवा में

THE MONEY MAKER

INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES

NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized

हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।

संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स

डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे

संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटरर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306